# Innovative Research and Education

ISBN: 978-93-5566-163-0

## ABOUT WRITER



Dr. Shobha Upadhyay is born in Jodhpur (Raj) and brought up in Jabalpur.She Obtained Post-graduate in History and Sociology M.Ed from R.d.v.v Jabalpur and Ph.D in Education from Jayoti Vidyapeeth Women's University Jaipur. She has 9 year's teaching experience to B.Ed trainees. Dr. Shobha Upadhyay is a member of Association of teacher's Education and Life Time Member of Indian Academic Researchers Association. She has Published 12 Books, 21 Research Papers in many referred journals. She has Presented and Participated more than 60 National and International Seminar, Conference and workshop Sponsored by UGC. She has been honoured with Teacher's with highest Potential award in International Conference Feb 2020 & Best Teacher Award 2021 By Kislay .Presently Dr. Shobha Upadhyay is working at the Post of Assistant Professor in Hitkarini Prashikshan Mahila Mahavidyalaya Run by Hitkarini Sabha Jabalpur (M.P).



Prashant Sutkar completed his schooling from Jawahar Navodaya Vidyalaya and PG in Mathematics from University of Pune, Pune. At present he is working as assistant professor of Mathematics in Science college, Nanded, Maharashtra. He has 12 years of teaching experiance to graduate and post graduate students of Mathematics and applied Mathematics. He has worked as board of study member. He has guided to post graduate students for their masters project. He has published two books, five research papers. He has delivered more than 18 invited lectures in various events in college and universities. More than ten events on teaching learning of Mathematics are organized by him. He has presented six papers in conference and symposium. He also worked as resource person for seminar and workshops.



Dr. Deepak More qualified UGC-NET and completed M. Phil. & Ph. D. from Alagappa University, Karaikudi (T.N.) and Swami Ramanand Teerth Marathwada University, Nanded (M.S.) He is engaged in teachingand research and has **10 Years** teaching experienceas an Assistant Professor, Department of English, Sanjeevanee Mahavidyalaya, Chapoli, Dist. Latur (M.S.) India.He is recognized as a ***Post Graduate Teacher in English*** under the Faculty of Humanities, Swami Ramanand Teerth Marathwada University, Nanded. He runs course and engaged Academic Sessions of ***Career Oriented Course: Proficiency in English Language*** for UG Students. He is actively engaged academic activities. He haspublished **03 Books, 25 Research Papers** in National & International Journals and Conferences, organized ***"One Week Faculty Development Programme onTeaching Methodology"***. He is attended **Career Development Courses** such as **02 Orientation Programmes, 03 Refresher Courses, 03 Faculty Development Programmes and 01 Short Term Course** sponsored by HRDC and actively participated more than **103** National and International Level Conferences,Seminars andWorkshops sponsored by UGC. He was felicitated with ***'Nehru International Literature Award-2014'*** for Creative Literature Work Field, ***'Kalidas International Literature Award-2014'*** for Incredible Literature Work Field, ***'RajrshiShahuMaharaj National Teacher Award-2014'*** for Education, ***'Swami Ramanand Teerth National Award-2015'*** for Education, ***'Best Team Manager of NSS. Unit-2014'*** and ***'Best Programme Officerof NSSUnit-2014'***, from Solapur University, Solapur&Ministry of Higher &Technical Education, Govt. of Maharashtra. His contribution is noteworthy in other arenas of life.



Dr. Asha kashyap is born and brought up in Jabalpur. She Obtained Post graduation in sociology and English lit, M.Ed From R.d.v.v Jabalpur and PH.D in Education from R.d.v.v Jabalpur Madhyapradesh. She has 8 years Teaching experience as Govt.Teacher. She has Published more than 12 Research Papers in many referred journals. She has Presented and Participated many national and international seminar, conferences and workshops sponsored By UGC. Presently Smt.Asha kashyap is Working at Epes Middle School Jamuniya Shahpura Bhitoni Jabalpur Madhyapradesh.



Dr. Jayebhaye Narayan Nivruttirao is working as Director of Sports at Sanjeevanee Mahavidyalaya, Chapoli Tq. Chakur Dist. Latur (Maharashtra) since 2000. He did his M.Phil. and Ph.D. from Bhartiyar University, Koimbature and Swami Ramanand Teerth Marathwada University, Nanded respectively. He bagged some prestigious awards such as Rajarshi Shahu Maharaj Best Teacher award and Marathwada Samrat Neta Award from reputed non government organizations. Till today he has been published 07 international and 15 national research papers in reputed journals. He has been worked as member of selection committee state and inter university teams, as an official and technical committee, as an organizer and incharge of university competition, member of university, examination.




Dr. Mamta Walia assistant professor in political science of Seth Navrang Rai Lohia Jai Ram girls college, lohar majra, Kurukshetra. She has gold medalist in M.A political science, NET (ugc), SET(RPSC), M.phil, Ph.d Department of political science in Rajasthan university, Jaipur,Rajasthan. 8 year teaching experience of UG,PG classes in college.



Dr. Ingle Amol Ramesh is working as a Head and Assistant Professor, Department of Hindi, at Shivneri Mahavidyalaya, Shirur Anantpal, Dist. Latur Maharashtra since 2004. He has pursued M.Phil. and Ph.D. in Hindi literature. He has qualified NET twice. He is a member of Latur district Hindi sahitya Parishad, Latur. He has felicitated with Vidyabhushan award by NET/SET Association, Buldhana and Guru Gaurav Award by Maharashtra State Teachers Sena, Shirur Aanantpal. He has published more than 50 research

ISBN: 978-93-5566-163-0

# Innovative Research and Education




## Editors

**Dr. Shobha Upadhyay**

Mr. Prashant Sutkar
Dr. Deepak More
Dr. Asha Kashyap
Dr. Jayebhaye Narayan
Dr. Mamta Walia
Dr. Ingle Amol Ramesh

| | | |
|---|---|---|
| 10. | Social Behaviour In Insect | Dr. Thorat Mandakini Manoharrao |
| 11. | Summer Fruit Watermelon:A Short Review | S.M.Prasad[1] K.Kumarakuru[2] A.Kanthan[3]and A.Selva Christy[4] |
| 12. | Study of Self- Esteem in relation to Academic Achievement of kashmiri migrant Students in Jammu | Preety Sharma<br>Dr. Manju Sharma |
| 13. | Ways to Support Diversity in the Classroom | Mrs. Shweta Namdeo |
| 14. | Climate change and Environment | Mrs Jaya Samdekar |
| 15. | Management of Psychosomatic Disorders Through Yoga | Dr.Narayan N. Jaybhaye |
| 16. | वर्तमान परिवेश में शिक्षकों के लिए शिक्षण में नवाचार का महत्व | राम रतन यादव<br>डॉ. महेश जायसवाल |
| 17. | जलवायु परिवर्तन, इसके प्रभाव एवं पर्यावरण | डॉ. दिनेश प्रसाद<br>श्रीमती रचना देवी |
| 18. | सुभद्रा कुमारी चौहान के साहित्य में राष्ट्रीयता का स्वर | प्रिया रोलानियां<br>शोधार्थी |
| 19. | नैतिकता (Ethic) | रेनू गर्ग |
| 20. | वर्तमान परिवेश में पर्यावरण शिक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता | श्वेता सेन |

Kislay Publishing
2022

| | | |
|---|---|---|
| 21. | वर्तमान परिस्थिति में सोशल मीडिया का शिक्षा पर प्रभाव | वर्षा गुप्ते<br>शोधार्थी |
| 22. | शिक्षा में अनुसंधान की आवश्यकता एवं महत्व | डॉ. आशा कश्यप |
| 23. | राजनीति संस्कृति | डॉ. ममता नालिया |
| 24. | संजीव के कथा साहित्य में सर्वहारा समाज | प्रो. इंगले अमोल रमेश |
| 25. | कृषि क्षेत्राच्या विकासात डॉ. बाबासाहेब आंबेडकरांचे योगदान | प्रो. डॉ.जे. टी. कांबळे |
| 26. | भारतातील बालकामगार निर्मुलन कायदे आणि मानवी हक्क | प्रो. डॉ.नामनाथ वैजनाथ शेवाळे |

Kislay Publishing
2022

ISBN: 978-93-5566-163-0

# संजीव के कथा साहित्य में सर्वहारा समाज

**प्रो. इंगले अमोल रमेश**
अध्यक्ष हिन्दी विभाग
शिवनेरी महाविद्यालय, शिरूर अनंतपाल
जिला– लातुर (महाराष्ट्र) 413544 दूरभाष: 9423737256
E-Mail:amol6080@gmail.com

समकालीन हिन्दी कथासाहित्य में संजीव अपना अलग स्थान रखते है। हाशिए पर खड़े समाज और वर्ग की वेदना की वे पैरवी करते है। देश और समाज में स्थित सारी अमानवीयता की वे धज्जियाँ उड़ाते है। वे श्रमसाध्य रचनाकार के रूप में हिन्दी साहित्य में मशहूर है। सर्वहारा समाज के हित चिंतक संजीव जी ने अपने साहित्य के माध्यम से दलित, नारी, मजदूर, आदिवासी, पिछड़े समाज को साहित्य की मुख्यधारा में लाने के लिए अपनी कलम चलाते है। इतना ही नहीं वे उन्हें लड़ने के लिए भी वैचारिकता से प्रेरित करते है। भारत की असंगत मनुवादी व्यवस्था, गाँव की सामंती व्यवस्था ने इनका जीना हराम कर दिया है। सर्वहारा की नरकीय जिन्दगी को सरल, आसान बनाने के लिए उनमें स्वाभिमान जगाने के लिए संजीव जी अपने समूचे कथासाहित्य के जरिए हर तरह के शोषण और अन्याय का प्रतिकार करने वाले नैतिक सामाजिक मूल्यों का आधार लिया है।

जिनका जीवन केवल श्रम के आधार पर व्यतीत होता है वे सर्वहारा वर्ग में आते है। श्रम के अलावा इनके पास दूसरा कोई विषय नहीं होता। इसीलिए सामाजिक शोषण का शिकार सर्वहारा वर्ग ही होता है। यह सर्वहारा गाँव से लेकर शहर तक हमेशा शोषक के रूप में ही पाया जाता है। क्योंकि भारतीय सर्वहारा समाज के शोषण में जातियता भी महत्वपूर्ण है। औद्योगिक क्रांति ने एक ओर भौतिक प्रगति की है तो दूसरी ओर सर्वहारा वर्ग की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई




ISBN: 978-93-5566-163-0

है। सर्वहारा समाज के पास जीवन यापन के कोई साधन नहीं है इसीलिए उन्हें जमींदार मुखिया साहुकार आदि के यहाँ मजदूरी करना पड़ता है। या शहरों में कारखानों में यही सर्वहारा अपना श्रम बेचने के लिए मजबूर है। पूँजीपतियों ने उत्पादन के साधनों पर अपना अधिकार जमा लिया है इसीलिए वह सर्वहारा को केवल उतना ही वेतन देता है जिससे पूँजीपति को मुनाफा मिलें। इस संदर्भ में सुप्रसिद्ध अमेरिकन समाजशास्त्री सैन्टर्स लिखते है कि "निम्न वर्ग उन लोगों का वर्ग होता है जो अपनी आजिविका के लिए कायिक श्रम पर निर्भर रहते है। जीविकोपार्जन के लिए अपने कायिक श्रम पर ही निर्भर रहने वालों के इस गरीब वर्ग के लिए दलित वर्ग, पीड़ित वर्ग, सर्वहारा वर्ग आदि नाम भी है।" [2]

पूँजीवादी व्यवस्था ने जहाँ एक ओर विशाल औद्योगिक करखानों को जन्म दिया है वहाँ दूसरी ओर एक ऐसे सर्वहारा वर्ग का निर्माण किया है जिनके पास न तो कोई साधन है न कच्चा माल खरीदने के लिए पूँजी। जीवयापन के लिए यह सर्वहारा वर्ग अपनी श्रम शक्ति बेचने के लिए मजबूर है। श्रम–शक्ति को बाजार में वस्तु के समान खरीदा और बेचा जाता था। पूँजीपति के पास पैसा होने के कारण वह श्रम खरीद कर मालिक बना रहता है। पूँजीवादी व्यवस्था में मजदूरों का शारीरिक मानसिक और भावात्मक शोषण होता ही है। ऐसे में ही यह मजदूर भाग्यवाद को मानते हुए पूँजीपतियों के शोषण का समर्थन ही नहीं करते बल्कि इसे पुर्नजन्म के पाप का फल मानते है।

## धनुष्य टंकार– संजीव

संजीव द्वारा लिखित 'धनुष्य टंकार' कहानी पूँजीवादी व्यवस्था तथा औद्योगिकरण में मजदूरों का हो रहा शोषण जिससे उनकी बद से बदत्तर हो रही जिन्दगी का चित्रण है।

---

[2] भारतीय मध्यवर्ग और सामाजिक उपन्यास–डॉ. पी.एम. थॉमस, जवाहर पुस्तकालय सदर बाजार, मथुरा, 1986, पृ.संख्या–49

पूँजीवादी व्यवस्था में मजदूर अपना श्रम बेचकर कठिन से कठिन काम करते है जिससे उनके हाथ खून से छरछरा जाते है जिसका मालिक पर कुछ भी असर नहीं होता वह केवल मुनाफा कमाने के बारें में ही सोचता है। नाममात्र वेतन के कारण मजदूरों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वे गंदी बस्ती में बजबजाती नाली, भिनभिनाते मच्छर, मक्खियों के बीच कचरे के ढेर में बूचड़ खाने के समान वे रहते है। स्थायी और अस्थायी मजदूरों के बीच झगड़ा लगाकर मालिक मजदूरों को स्थायी बनाने के विरोध में है। इसी का परिणाम झम्मन को लूज शटिंग का धक्का लग जाने से उसकी कमर हमेशा–हमेशा के लिए टेड़ी हो जाती है। लेकिन उसे कंपनी मालिक से मुआवजा नहीं मिलता क्योंकि वह अस्थायी मजदूर है तथा उसका नाम ठेकेदार या कंपनी के खाते में नहीं है। इसीलिए झम्मन के अपाहिज होने पर उसकी पत्नी सुरसती को काम करना पड़ता है।

प्रस्तुत कहानी में नारी शोषण का चित्रण भी हुआ है। सर्वहारा नारी का काम करते समय और काम बनाने के लिए यौन शोषण किया जाता है। जब झम्मन अपाहिज होता है तो उसकी जगह पर पत्नी सुरसती काम पर आती है लेकिन एक स्टोर रूप में पति झम्मन के सामने ही सुरसती के साथ मुंशी बलात्कार करता है। तब मालिक मुंशी को संस्पेंड करता है। मुंशी के पहले भी कितने सारे मजदूरों को सस्पेंड किया गया था। सुरसती जब सस्पेंड मजदूरों को काम पर लेने, उनका वेतन बढ़ाने तथा अस्थायी मजदूरों को स्थायी बनाने के लिए भूख हड़ताल करती है तो कंपनी मालिक उसकी अनिच्छा से ही उसे जबरदस्ती शरबत पिलाकर उसका अनशन तोड़ देते है। आन्दोलन के कारण केवल दस सस्पेंड मजदूरों को काम पर लिए जाते है जिसमें एक मुशी भी है जिसने उसकी इज्जत लूटी थी। काम का ठेका पाने के लिए औरतों को पेश किया जाता है उनकी यौन सुंदरता को देखकर काम दिया जाता है "एक गो





बढका होटल में लिवा गीस बड़ा साहेब के उस्मान खां। 3 हां एक गो मेम, अंगूर के माफिक गोरी, रस से लबालब, बिल्कुल नंगी।"[3]

झम्मन अपने परिवार के जीवन निर्वाह के लिए पीतल फरा क्रोम आदि के तुकड़े चुनकर गुजारा करना चाहता है लेकिन यह भ्रष्ट लुटेरी व्यवस्था उसका शोषण करती है "स्टोर से गैते, झूडी, साबल आदि की निकासी के बाद ताला डालकर वह स्लैग डिपो और छाई के ढूह में खुरच–खुरचकर पीतल फेरो क्रोम आदि के टुकड़े चुनता, जिनमें एक तिहाई रकम वाच एंड वार्ड की बंधी होती। स्क्रैप खरीदने वाले सेठ 'चोरी कमाल' कहकर एक–तिहाई पहले ही मार लेता और बाकी हिकारत से उसके सामने फेंक देता दिनों दिन सेठ का कारोबार फैलता गया था और वह .....।"[4]

इस प्रकार पूँजीवादी व्यवस्था सर्वहारा मजदूरों के विरोध में है। जिसकी बदौलत सर्वहारा समाज शोषण का शिकार हो रहा है। शोषण के कारण ही मजदूरों को जैसे लकवा मार गया है। वह अर्धमृत अवस्था में दयनीय शोषित जिन्दगी जी रहा है।

### हलफनामा संजीव

संजीव द्वारा लिखित 'हलफनामा' कहानी पूँजीवादी व्यवस्था में मजदूरों का हो रहा शोषण का चित्रण है। मजदूर दिन–रात जी तोड़ मेहनत करने पर भी उन्हें रोटी कपड़ा और मकान की चिंता हर पल सताती है। तो पूँजीपति इन मजदूरों का श्रम खरीदकर बेहतर जिन्दगी जीते है।

हलफनामा कहानी का नायक हनीफ इलेक्ट्रानिक्स मिस्त्री है। थोड़ी बहुत कमाई करकर वह कंपनी में बाल्टियों को ठीक करने का काम करता है। कम

[3] संजीव की कथा यात्रा, पहला पड़ाव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008 पृष्ठ सख्या 70
[4] वही पृष्ठ सख्या–168

ISBN: 978-93-5566-163-0

मजदूरी के कारण वह अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता। आर्थिक अभाव के कारण पति–पत्नि के बीच विवाद भी चलता है। कंपनी के वर्कर्स हाऊस मे रहकर वह अपना संसार चलाता है। वर्कर्स हाऊस में कई सारी असुविधाएँ है इसीलिए उसकी पत्नि को खुले में ही नहाना पड़ता है। कंपनी के मालिक तथा आने जाने वाले उसे खुले में नहाते हुए देखते है। मालिक की उस पर बुरी नजर है पर हनीफ मालिक के खिलाफ कुछ कर नहीं सकता। पति की इस कमजोरी के कारण पत्नी ही उसे नामर्द कहकर छोड़कर चली जाती है। मालिक हनीफ को झूठे खून के इल्जाम में फंसाकर जेल भिजवाता है। दो वक्त की रोटी के लिए परेशान आदमी खून करने का साहस थोड़ ही करेगा। लेकिन कुरान की कसम दिलाकर सच को झूठ में बदल दिया जाता है।

पूँजीवादी व्यवस्था मे पूँजीपती मजदूर वर्ग के श्रम का शोषण कर उन्हें बदहाली में जीवन जीने के लिए मजबूर करते है। वर्तमान में तो कंपनी मालिक कंपनियों में टी.वी. कैमरे लगाकर मजदूरों पर ध्यान रखते है और अधिक से अधिक श्रम लिया जाता है। हनीफ कहता है– ''अब श्रीमान जी, ये बूंद–बूंद–बूंद सेठ लोग सारी ऑक्सीजन पी गए, हरियाली चाट गए, धरती की सारी संपदा सारी प्रतिभा, गरज की सारी ऊर्जा इनकी आंतो में समा गई..... और हम इनके लिए पेड़ लगाकर ऑक्सीजन पैदा करें। गर हमें कुछ लेना है तो इनसे ले संसाधन से लेकर प्रसाधन और प्रसाधन से लेकर परमाणु बम और दूसरे हथियार! यानी हम जीये तो इनके रहम पर।''[5]

आजादी के पचास साल बाद भी मजदूर अपने बच्चों की पढ़ाई तक कर नहीं पाते। मालिक के आशिर्वाद से मजदूरों के बच्चे मजदूर ही बन जाते है। मेहनत से जो भी कमाते है कंपनी मालिक विकास कार्य के नाम पर जबर्दस्ती वसूलते है

[5] संजीव-खोज-दिशा प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 2000 पृ.संख्या-115




ISBN: 978-93-5566-163-0

पर मजदूरों के जीवन में विकास नाम की कोई किरण दिखाई नहीं देती। मजदूर उसी दयनीय अवस्था में अपना जीवन यापन करता है– ''इस तरह आजादी की पचासवी सालगिरह पर जब की अपने यहाँ के लोग सो रहे थे, मैं अपनी बर्बादी के मलबे पर बैठा जग रहा था, फिर भी मैं खुश था, चलो आजाद तो हुआ।''[6]

इस प्रकार पूँजीवादी व्यवस्था में पूँजीपति मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए उन्हें गुमराह करके उनका शोषण करते है। उन्हें बेकार की चीजें बांटकर संघर्ष से उनका ध्यान विचलित करते है ताकि वे शोषण की गाड़ी के पहिये बने रहे।

## संदर्भ संकेत


1. भारतीय मध्यम वर्ग और सामाजिक उपन्यास–डॉ. पी.एस. थॉमस, जवाहर पुस्तकालय सदर बाजार, मथुरा 1995– पृ.संख्या 49
2. संजीव की कथा यात्रा पहला पड़ाव–संजीव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008 पृष्ठ संख्या–170
3. वही, पृष्ठ संख्या–168
4. खोज– संजीव, दिशा प्रकाशन दिल्ली, संस्करण –2000 पृष्ठ संख्या–115
5. वही, पृष्ठ संख्या –123


[6] वही पृष्ठ संख्या –123